## एक नजर में

### 7 दिवस में दर्ज करा सकेंगे दावा-आपत्ति

**राजगढ़ 24 मई, का.** जिले की महिला एवं बाल विकास परियोजना राजगढ़ द्वारा 23 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों के लिए जारी भर्ती प्रक्रिया में चयन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के आधार पर अनंतिम सूची जारी कर दी गई है.

परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक के उपरांत चयन पोर्टल पर गुरुवार 21 मई को अनंतिम सूची प्रकाशित की गई है. साथ ही जारी सूची के विरुद्ध आवेदक 21 मई से आगामी 7 दिवस के भीतर दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे. दावा-आपत्ति केवल एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी. विभाग द्वारा आवेदकों से निर्धारित समय सीमा में अपने दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अपील की गई है.

### पॉलीटेक्निक कॉलेज पचोर में प्रवेश प्रारंभ

**राजगढ़ 24 मई, का.** प्रभारी प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पचोर श्री अतुल चौहान द्वारा दी गई जानकारी अनुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पचोर में नवीन विद्यार्थियों के इंजीनियरिंग डिप्लोमा कोर्स में एडमिशन (इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में) प्रक्रिया प्रारंभ हो गई हैं. साथ ही मध्यप्रदेश राज्य शासन के शासकीय, मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा घोषित स्वशासी, अनुदान प्राप्त अशासकीय, स्वशासी एवं स्ववित्तीय (विश्वविद्यालयीन) एवं निजी पोलीटेक्निक संस्थान) डिप्लोमा पाठ्यक्रम डिप्लोमा आर्किटेक्चर पाठ्यक्रम एकलव्य/डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर योजनान्तर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु प्रथम चरण ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 29 मई रात्रि 11.45 बजे तक किया जाएगा.

### गंगा दशहरा पर होंगे जल संरक्षण कार्यक्रम

**राजगढ़ 24 मई, का.** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर 25 मई को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने रविवार को आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने सभी गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए. मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के दिशा - निर्देशानुसार आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में श्रमदान, साफ- सफाई, जल स्रोतों का संरक्षण, दीपदान एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रमों का आयोजन गरिमामय एवं प्रभावी रूप से संपन्न कराएं, ताकि जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति आमजन की सहभागिता सुनिश्चित हो सके.

# बैंकों की लंबित शिकायतों में जिला टॉप-5 पर

## सीएम हेल्पलाइन : जिले स्तर पर नहीं हो पा रहा निराकरण, इसलिए बैंक ग्राहक एल-1 पर पहुंच रहे शिकायतें लेकर

**एसएलबीसी की मार्च रिपोर्ट में निराशाजनक प्रदर्शन, 6 प्रतिशत मामले अब भी जिले में**

**आंकड़ों के अनुसार एक साल में आए 93 प्रकरणों का नहीं हुआ निराकरण**


नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 24 मई, का. जिला कलेक्टर के बार बार प्रयासों, फटकार के बाद भी सीएम हैल्पलाईन के लंबित प्रकरणों में सुधार नहीं आ रहा है. सामान्य विभागों से संबंधित मामलों में जहां बीते वर्ष औसतन 60 प्रतिशत प्रगति देखी गई थी वहीं अब बैंकिंग संबंधी सीएम हैल्पलाईन की शिकायतों में मामला चौंकाने वाला सामने आया है. जिले में बीते 6 माह में कुल 93 बैंकिंग सेवाओं से संबंधित शिकायतें मिली है. लेकिन ये शिकायतें लंबित ही पड़ी है.**

इनका अंतिम रूप से निराकरण नहीं हो पाया है. **प्रदेश के टॉप-5 ऐसे जिलों में राजगढ़ का नाम भी सामने आया है.**

जानकारी के अनुसार एसएलबीसी यानी राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की मीटिंग के मार्च 2026 में जारी आंकड़ों के अनुसार जिले में पिछले 6 महीने में 93 शिकायतें सीएम हैल्पलाईन पर आम नागरिकों द्वारा बैंक सेवांओं के संबंध में की गई है. लेकिन इनका निराकरण नहीं हो पाया है.

### एल-1 पर जाकर अटक रहे जिले के 82 प्रतिशत मामले



### लोकल लेवल पर संतुष्ट नहीं हैं लोग

एल-1 को सबसे अंतिम स्टेज माना गया है. इसके बाद एल-2 पर राज्य, एल-3 पर लीड बैंक और एल-4 पर जिला कलेक्टर को अधिसूचित किया गया है. जिले में पेंडिंग 93 मामलों में से 76 एल-1 पर लंबित है. यानी क्षेत्रीय प्रबंधक तक आम लोगों ने अपनी शिकायतें बैंकिंग सेवाओं से संबंधित पहुंचाई है. स्थानीय स्तर पर संतोषजनक जवाब और कार्यवाही नहीं होने के बाद लोगों ने अपनी शिकायतें उच्च स्तर पर भेजी है. लेकिन वहां भी उनका निराकरण लंबित है. मामले में एसएलबीसी की मीटिंग में चिंता जाहिर की गई है. इसके अलावा 5 शिकायतें जिला कलेक्टर और और महज 1 शिकायत लीड बैंक के पास लंबित है.

### इस मामले में हम चौथे नंबर पर

ताजा आंकड़ों के अनुसार 82 प्रतिशत मामले एल-1 पर पेंडिंग है. इस मामले में जिला प्रदेश में चौथे नंबर पर है. इसके अलावा प्रदेश में पहले नंबर पर निवाड़ी, दूसरे नंबर पर वीदिशा, तीसरे नंबर पर सागर और चौथे नंबर पर राजगढ़ जिले का नाम सामने आ रहा है. निवाड़ी और विदिशा में 90 प्रतिशत जबकि सागर जिले में 84 प्रतिशत मामले बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधकों के पास लंबित पड़े है.

### एसएलबीसी करता है हर तीन महीने में रिव्यू

प्रदेश में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति हर तीन महीने में प्रदेश के सभी जिलों के बैंक संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करती है. इसमें पेंशन योजना, बीमा और बैंक संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की जाती है. वही अपने आंकड़े जारी करती है.

### ये है प्रदेश के टॉप-5 जिलों की स्थिति

| जिला | एल-1 | एल-2 | एल-3 | एल-4 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| निवाड़ी | 22 | 2 | | | 24 |
| विदिशा | 41 | 1 | 4 | | 46 |
| सागर | 111 | 19 | 1 | | 131 |
| राजगढ़ | 76 | 11 | 1 5 | | 93 |
| बालाघाट | 26 | 7 | | | 33 |

### ये शिकायतें की गईं बैंक सेवाओं को लेकर

-एटीएम कार्ड जारी करना /एटीएम कार्ड से राशि कटना
-अन्य (संस्थागत वित्त)
-आधार कार्ड लिंक / खाते में ई-केवायसी संबंधित शिकायतें
-कृषि साख खाते केसीसी/ फसल बीमा संबंधी/ एनओसी प्राप्त न होने से संबंधित शिकायतें
-जमा खाता खोलने / खाता बंद करने / खाते के परिचालन / खाते में होल्ड से संबंधित शिकायतें
-पासबुक जारी करना / पासबुक प्रिंटिंग, चेक बुक से संबंधित शिकायतें
-पेंशन प्रारंभ करना, पेंशन एरियर प्राप्त न होना
-शासकीय ऋण, अनुदान लीड बैंक

### राज्यमंत्री पंवार सायंकाल के कार्यक्रम में होंगे मुख्य अतिथि

**राजगढ 24 मई, का.** मध्यप्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशमी के पावन अवसर पर 25 मई को राजगढ़ जिला मुख्यालय पर जनभागीदारी से जुड़े विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, नदियों का पुनर्जीवन, जल बचत के प्रति जनजागरूकता तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है. जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से आयोजित इन कार्यक्रमों में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार सायंकाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे. कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 6 बजे परायण चौक से छोटा पुल तक साइकिल, पैदल एवं ई-स्कूटी रैली से होगी. इसके पश्चात सहभागीजन द्वारा श्रमदान कर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता का संकल्प लिया जाएगा. सायंकाल 7 बजे मां नेवज नदी के पावन तट पर भव्य गंगा दशमी उत्सव आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर मां नेवज के प्रति आस्था, जल संरक्षण के प्रति संकल्प एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश जनमानस तक पहुंचाया जाएगा. कार्यक्रम में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता आधारित गतिविधियां भी आयोजित होंगी.

# बाइक चोर के साथ पुराना फरारी भी पुलिस के हत्थे चढ़ा

## सारंगपुर पुलिस की कार्यवाही, बाइक जब्त की



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 24 मई, सं. पुलिस ने बाइक चोरी के मामलों में अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने देवास जिले के पीपलरावा थाना क्षेत्र स्थित कंजर डेरा से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं. कार्रवाई में एक पुराने मामले का फरार आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ा है.**

रविवार शाम थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि निपानिया तुला निवासी लालसिंह तंवर ने 5 अप्रैल को शासकीय अस्पताल परिसर सारंगपुर से अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. इस मामले में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था.

इसके बाद 20 मई को पडाना निवासी अरविंद गुर्जर ने घर के बाहर शिवधाम कॉलोनी क्षेत्र से अपनी रेड-ब्लैक स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर जांच शुरू की. थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित दो विशेष टीमों ने घटनास्थलों का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए. करीब 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तथा साइबर सेल की मदद से तकनीकी जानकारी एकत्रित की गई. जांच के आधार पर पुलिस ने देवास जिले के कंजर डेरा में दबिश देकर उमेश पिता बनेसिंह कंजर एवं नरेन्द्र पिता लखन कंजर को गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने दोनों बाइक चोरी करना स्वीकार किया. पुलिस ने काले रंग की स्प्लेंडर बाइक एमपी 39 जेडके 3735 तथा रेड-ब्लैक स्प्लेंडर प्लस एमपी 39 जेडए 6019 बरामद कर ली है. साथ ही थाना सारंगपुर के पुराने अपराध में फरार चल रहे आरोपी उमेश कंजर को भी गिरफ्तार किया गया. कार्रवाई में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, उपनिरीक्षक राहुल सेंधव, सउनि जमनाप्रसाद सिसोदिया, आरक्षक सत्येंद्र रघुवंशी, प्रधान आरक्षक गिरीराज मीणा और आरक्षक बनवारी गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

### बहू घर की लक्ष्मी रहती है जिसे हमें विदाई नहीं करना चाहिए

**सारंगपुर 24 मई, सं.** नगर के बालाजी गार्डन मे सात दिवसी श्रीमद् भागवत कथा का द्वितीय दिवस रविवार को पूज्य गुरुदेव जी पंचायती देव ऋषि अखाड़ा मंडलेश्वर से श्री 108 आचार्य राम प्रसाद व्यास श्री बालाजी धाम सुसनेर मैना के मुखारविंद ने कथा के दौरान कहा की जब घर की बहु कही जाती हैं तो उसे बाहर तक नहीं छो ?ना चाहिए अर्थात बहु घर की लक्ष्मी रहती है जिसे हमें उसको कभी विदाई नहीं करना चाहिए नहीं तो घर से लक्ष्मीजी रूठ जायेगी कथा भगवान श्री कृष्ण का विदुरजी के घर पर साग खाना व समाज के ऊपर पूज्य गुरुदेव जी ने अनमोल ज्ञान प्रदान किया इस दौरान महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, पंडित सत्यनारायण शर्मा, प्रदीप शर्मा, वैभव शर्मा, मंजू कलजोरिया, फुलमाली समाज जिला प्रवक्ता लोकेश पुष्पद सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे.

# कुरावर में विश्व हिंदू परिषद का दुर्गा वाहिनी वर्ग प्रारंभ



नवभारत न्यूज

**कुरावर 24 मई, सं.** भोपाल में लगने वाले 07 दिवसीय वर्ग हेतु नगर से दुर्गा वाहिनी की बहनों की टोली भोपाल के लिए रवाना हुई. इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी संयोजिका सुश्री रीना पाल एवं मातृ शक्ति संयोजिका श्रीमति जयशीला चंद्रवंशी द्वारा बहनों को कुमकुम अक्षत एवं माला पहनाकर वर्ग में भेजा गया. साथ ही विभाग गौ रक्षा प्रमुख राजेंद्र सिंह चौहान द्वारा उपस्थित बहनों एवं माताओं को विहिप और दुर्गा वाहिनी के बारे में बताया गया कि नारी केवल दया या करुणा की प्रतिमूर्ति नहीं है, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर वह रणचंडी का रूप भी ले सकती है. यह वर्ग युवतियों के भीतर के इसी संकोच को दूर कर उन्हें साहसी, अनुशासित और वैचारिक रूप से राष्ट्रहित के प्रति समर्पित बनाने का एक माध्यम है. वही जिला सह संयोजक धनराज सिंह राठौड़ द्वारा भी अपने वक्तव्य में वर्ग का माहौल लड़कियों के मन से डर को निकालकर उनमें आत्मविश्वास और साहसिक सोच पैदा करना तथा नेतृत्व क्षमता अनुशासन और समूह में काम करने की भावना सिखाई जाती है, जिससे युवतियों में नेतृत्व करने के गुण विकसित होते हैं. इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष हेमंत शर्मा प्रखंड मंत्री अरुण मेवाड़े ग्राम संयोजक नीरज राजपूत नगर भोला माहेश्वरी, मधु राठौर, श्रीमति कांता मेवाड़े आदि उपस्थित रहे.

# अब जंक्शन कहलाएंगे रुठियाई और रामगंजमण्डी रेलवे स्टेशन

## पश्चित मध्य रेलवे ने अधिसूचना जारी की, स्टेशनों के कोडनेम वही रहेंगे, सिर्फ नाम में जंक्शन शब्द जुड़ेगा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 24 मई, का. केवल स्टेशनों के नाम से संबोधित होने वाले रूठियाई और रामगंजमण्डी स्टेशनों को अब जंक्शन के नाम से संबोधित किया जाएगा. अनाउंसमेंट हो या रिजर्वेशन जंक्शन शब्द अब इन स्टेशनों के साथ जुड़ चुका है.**

रेलवे द्वारा अधोसंरचना विकास और नई रेल लाइनों, कॉर्ड लाइनों तथा बाईपास लाइनों के चालू होने से यात्रियों एवं रेल परिचालन की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशनों के नामों को संशोवधन करने का निर्णय लिया है. साथ ही रूठियाई और रामगंजमण्डी रेल्वे स्टेशनों को अब जंक्शन संबोधित किया जाएगा. पश्चिम मध्य रेल्वे ने जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मण्डल के 14 रेलवे स्टेशनों को अधिकारिक रूप से जंक्शन स्टेशन के रूप में अधिसूचित कर दिया है.




20 मई को जारी अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दी है. स्टेशनों के पुराने अल्फाबेटिकल (अक्षर) और न्यूमेरिकल (संख्यात्मक) में कोई बदलाव नहीं किया गया है. वे पहले की तरह ही रहेंगे. केवल नाम में जंक्शन शब्द जोड़ा गया है. हमारे जिले से सीधे तौर पर जुड़े भोपाल मंडल के रूठियाई और कोटा मंडल के रामगंजमण्डी स्टेशन के आगे अब जंक्शन जोड़ दिया है. जंक्शन रेलवे स्टेशन बनाने से ट्रेनों के सुचारू संचालन, नए रूटों के जुडाव और यात्रियों को रेल्वे रूट का सही चयन करने में बेहद आसानी होगी.

**आयोजन** भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न, वैचारिक विषयों पर हुआ मंथन

# संगठन की पाठशाला में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने दिए टिप्स

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 24 मई, सं. पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रविवार को सोनाकुंज होटल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन, सेवा कार्यों, बूथ प्रबंधन और वैचारिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. समापन सत्र में मुख्य वक्ता प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा और अंत्योदय की विचारधारा पर आधारित संगठन है.**






पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं के समर्पण, अनुशासन और संगठनात्मक क्षमता के बल पर देशभर में मजबूत पहचान बनाई है. जनसंघ से लेकर वर्तमान भाजपा तक की यात्रा संघर्ष, सेवा और राष्ट्रहित के संकल्प से जुड़ी रही है.

इस दौरान विभिन्न सत्र में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, बूथ स्तर तक मजबूती, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया. वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व निर्माण और संगठनात्मक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं. इससे कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आपसी समन्वय विकसित होता है. प्रशिक्षण में चुनाव प्रबंधन, मीडिया एवं सोशल मीडिया की भूमिका, संगठन विस्तार और सेवा कार्यों जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई. कार्येकर्ताओं को आधुनिक समय में तकनीकी संसाधनों के उपयोग और प्रभावी संवाद के महत्व की जानकारी दी गई. दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने तथा समाजहित और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# संतजनों की सुरक्षा के लिए सकल जैन समाज निकालेगा मौन रैली

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 24 मई, सं.** देशभर में जैन संतों की सुरक्षा और उनके सम्मान को लेकर चलाए जा रहे राष्ट्रीय संत सुरक्षा अभियान के तहत सोमवार को सारंगपुर नगर में सकल जैन समाज द्वारा एक विशाल मौन रैली और ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इस विशेष अभियान के माध्यम से पूरा जैन समाज आपसी मतभेदों और पंथों की सीमाओं से ऊपर उठकर एक पथ पर नजर आएगा. हम नहीं दिगंबर, श्वेतांबर, हमारा धर्म सिर्फ जैन है. सकल जैन समाज अध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य जैन संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और समाज की एकता को प्रदर्शित करना है. समाज ने नारा दिया है हम नहीं दिगम्बर, श्वेतांबर, स्थानकवासी... हम जैनी हमारा धर्म जैन, इतना ही परिचय केवल हो. इसी भावना के साथ नगर के सभी जैन धर्मावलंबी इस महाअभियान में एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे.

श्रीजैन ने बताया कि आज प्रात 10 से 10.30 बजे तक समाज के सभी महिला-पुरुष और युवा श्री महावीर दिगंबर जैन बडा मंदिर परिसर में एकत्रित होंगे. इसके बाद तय समय पर श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर से पूर्णतः अनुशासित और मौन रैली की शुरुआत होगी. जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी. मौन रैली का समापन स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय पर होगा. जहां प्रात 11 बजे राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा. सकल जैन समाज सारंगपुर अध्यक्ष जैन ने समस्त समाजजनों से पुरजोर अपील की गई है कि वे निर्धारित समय से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचें.